# सांवरा आजा सांवरा | by Kavi Mithun Mithlesh

नैना बरसे दरस को तरसे
आ जाओ श्याम प्यारे हाये...
हर मोड़ पे बाबा तूने दिए सहारे

तुझ बिन चैन ना पाए बाबा मन ये बावरा
हर घडी तुझको पुकारे राहें ये तेरी निहारे
दरस दिखा जा मेरे सांवरा
सांवरा आजा सांवरा...........सांवरा आजा सांवरा
सांवरा आजा सांवरा...........सांवरा आजा सांवरा

जहाँ भी जाऊं संग में रहता मेरा श्याम धणी
तेरे हैं उपकार के इतने सदा रहूं में ऋणी
मन मेरा घबराये हाथ तू थाम ले ज़रा
हर घडी तुझको पुकारे राहें ये तेरी निहारे
दरस दिखा जा मेरे सांवरा
सांवरा आजा सांवरा...........

दुनिया ने ठुकराया तो बस तुझको पुकारा है
मेरी टूटी कश्ती का बस तू ही सहारा है
मेरे सर पर रखा रहे बस हाथ ये तेरा
हर घडी तुझको पुकारे राहें ये तेरी निहारे
दरस दिखा जा मेरे सांवरा
सांवरा आजा सांवरा...........

कुछ ना मांगू बाबा हर पल मेरे साथ रहे
आजीवन मिथलेश तेरे चरणों का दास रहे
तेरे चरणों में ही गुज़रे जीवन ये मेरा
हर घडी तुझको पुकारे राहें ये तेरी निहारे
दरस दिखा जा मेरे सांवरा
सांवरा आजा सांवरा...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-kavi-mithun-mithlesh/